सं. क्यू/सीएडी/578/04/2024
भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, 22 फरवरी, 2024

**परिपत्र**

**विषय:– भारतीय उच्चायोग, लंडन और कोंसलावास डरबन में 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर अताशे (हिन्दी एवं संस्कृति) के पद को भरना।**

विदेश मंत्रालय, उच्चायोग, लंडन और कोंसलावास डरबन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अताशे (हिन्दी एवं संस्कृति) के पद को भरे जाने हेतु उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

2. इस पद के तहत वेतन मैट्रिक्स के लेवल 08 (47600–151100 रु.) के वेतनमान में स्वीकार्य सामान्य भत्ते शामिल हैं तथा इसके अलावा, चयनित अधिकारी और उसके परिवार के पात्र सदस्यों के लिए मुफ्त सुसज्जित आवासीय व्यवस्था और मिशन से आने और जाने की यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। केंद्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्य क्षेत्र अथवा स्वायत्त अथवा वैधानिक संगठन अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों के ऐसे अधिकारी जो मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण करते हैं अथवा जिन्होंने मूल संवर्ग अथवा विभाग में लेवल–7 (44900–142400 रु) अथवा समकक्ष संबंधी पदों पर दो वर्षों की नियमित सेवा पूरी कर ली है तथा निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हैं, आवेदन करने के पात्र हैं:–

**अनिवार्य**

**(क) शैक्षणिक योग्यता**

डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेज़ी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

डिग्री स्तर पर हिंदी माध्यम के साथ और अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेज़ी के साथ, हिंदी अथवा अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी भी अन्य विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

डिग्री स्तर पर अंग्रेज़ी माध्यम के साथ और अनिवार्य अथवा वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ, हिंदी अथवा अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी भी अन्य विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री;

अथवा

डिग्री स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी और अंग्रेज़ी अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में दोनों में से कोई एक विषय तथा अनिवार्य अथवा वैकल्पिक विषय के रूप में दूसरे विषय के साथ, हिंदी अथवा अंग्रेज़ी के अतिरिक्त किसी भी अन्य विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री; तथा

(ख) अनुभव

**भारत सरकार के उपक्रमों सहित** केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार में हिंदी में शब्दावली संबंधी कार्य अथवा अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य से संबंधित अनुवाद सहित अंग्रेज़ी से हिंदी में या हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कार्य का चार वर्ष का अनुभव।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से हिंदी में शिक्षण, शोध, लेखन या पत्रकारिता में चार वर्ष का अनुभव।

**(ग) वांछनीय**

i. भारतीय इतिहास और संस्कृति/दर्शन में स्नातकोत्तर डिग्री।
ii. स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में संस्कृत का अध्ययन किया हो।
iii. स्नातक स्तर पर हिंदी के अलावा एक या अधिक भारतीय भाषाओं का अध्ययन किया हो।

**सशस्त्र बल कार्मिकों के लिए:–**

**प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन (पूर्व सैनिकों के लिए):**

ऐसे सशस्त्र बल कार्मिक, जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिज़र्व में स्थानांतरित होने वाले हैं और जिनके पास प्रतिनियुक्ति हेतु निर्धारित अपेक्षित योग्यता और अनुभव है, के नाम पर भी विचार किया जाएगा। ऐसे अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की अवधि उस तारीख तक होगी जिस तारीख को वे सशस्त्र बलों से कार्यमुक्त होंगे, उसके पश्चात उन्हें पुनर्नियोजन पर आगे भी नियोजित किया जा सकता है।

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग–बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल हो, सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। इस पद हेतु विचारित आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार गणना करते हुए, प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार चयनित अधिकारी का वेतन, पद के वेतनमान में नियत किया जाएगा।

5. कृपया नामांकन के साथ निम्नलिखित कागज़ात/दस्तावेज़ भी भेजें:–

i) निर्धारित प्रपत्र(अनुबंध के अनुसार) में जीवनवृत्त के विवरण की दो प्रतियाँ,जो स्वेच्छा से नाम देने वाले अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित हों और उचित माध्यम से अग्रेषित की गई हों।
ii) विगत पांच वर्षों के सीआर/एपीएआर डोज़ियर की सत्यापित प्रतियां, जो भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव अथवा समकक्ष स्तर के अधिकारी द्वारा सत्यापित (प्रत्येक पृष्ठ पर) की गई हों।
iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र।
iv) सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र।
v) विगत 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति, यदि कोई हो, का विवरण।
vi) संवर्ग अनापत्ति प्रमाण–पत्र।

6. योग्य उम्मीदवार रोजगार समाचारपत्र में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से **दो माह** के भीतर अपना आवेदन उचित माध्यम से दो प्रतियों में अधोहस्ताक्षरी को भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अन्यथा अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(अजित जॉन जोशुआ)
उप सचिव (संवर्ग)
विदेश मंत्रालय
दूरभाष: 23085368
कमरा नंबर–4086, बी–विंग,
जवाहरलाल नेहरू भवन,
जनपथ, नई दिल्ली।

संलग्नक: प्रपत्र

**अनुबंध**

जीवनवृत्त प्रपत्र
(उचित माध्यम से दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए)

1. आवेदित पद का नाम :
2. नाम और पता स्पष्ट अक्षरों में :
3. जन्मतिथि (ईस्वी सन् में) :
4. सेवानिवृत्ति की तिथि :
5. शैक्षणिक योग्यता :
6. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूरी करते हैं। (यदि कोई अर्हता नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समकक्ष मानी गई है, तो उस प्राधिकरण का उल्लेख करें। :

| | **अर्हता/अनुभव (निर्धारित अनुसार)** | **अधिकारी के पास मौजूद अर्हताएं/अनुभव** |
|---|---|---|
| **अनिवार्य** | | |
| **वांछनीय** | | |

7. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए, आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.

8. रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो एक अलग शीट संलग्न कर सकते हैं, जो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत अधिप्रमाणित होगी।

........2/-



| **कार्यालय/ संस्थान /संगठन** | **धारित पद** | **से** | **तक** | **वेतनमान और मूल वेतन *** | **नियुक्ति की प्रकृति** | **संक्षेप में निष्पादित कार्यों की प्रकृति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

*** नियमित आधार पर धारित किए जा रहे पद में मूल वेतन**

9. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात, तदर्थ या अस्थायी या स्थायी
क) यदि तदर्थ है, तो कृपया नियमित आधार पर धारित पद का नाम और उससे जुड़े वेतनमान बताएं

10. यदि वर्तमान रोजगार

प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं –

क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर
नियुक्ति की अवधि
ग) आपके मूल कार्यालय/संगठन का नाम

11. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण

कृपया बताएं कि आप किसके अंतर्गत कार्य कर रहे हैं

क) केंद्र सरकार
ख) राज्य सरकार
ग) स्वायत्त संगठन
घ) सरकारी उपक्रम
ङ) विश्वविद्यालय

12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन लागू किए जाने की तारीख और संशोधन से पूर्व के वेतनमान के बारे में भी बताएं।

13. क्या आपका वेतनमान एसीपी के तहत प्राप्त है? यदि हां, तो कृपया आपके नियमित पद के वेतनमान के बारे बताएं

14. वर्तमान में प्रति माह प्राप्त कुल परिलब्धियाँ:

15. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई, जो आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे। जगह अपर्याप्त होने पर एक अलग पृष्ठ संलग्न करें।

16. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित है:

17. टिप्पणी:

(आवेदक के हस्ताक्षर)

नाम : ____________________
पता : ____________________
दूरभाष: (कार्यालय) ____________________
(घर) ____________________
(मोबाइल) ____________________

**नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र**

1. प्रमाणित किया जाता है कि _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और उसके पास परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हैं ।

2. साथ ही प्रमाणित किया जाता है कि :

iv. उनके विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है ।

v. विगत 5 वर्ष की पूर्ण सी आर डोजियर की सत्यापित प्रतिलिपियां (प्रत्येक पृष्ठ पर), जिन्हें भारत सरकार के अवर सचिव या उच्च रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो, संलग्न हैं।

vi. उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

vii. पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई बड़ी /छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है /पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाई गई बड़ी /छोटी शास्तियों की सूची संलग्न है (जो लागू नहीं है,उसे काट दिया जाए )।

viii. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण से प्राप्त संवर्ग अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न है।

दिनांक: हस्ताक्षर:

स्थान: नाम एवं पदनाम: